UGC Approved Journal
Research Link

Since March 2002

An International, Registered & Refereed Monthly Journal : Music

Research Link - 170, Vol - XVII (3), May - 2018, Page No. 126-128

ISSN - 0973-1628 ■ RNI - MPHIN-2002-7041 ■ Impact Factor - 2015 - 2.782

New Trends of Teaching Music through Multimedia Technology

The purpose of the present paper is to bring out the relevance of multimedia in teaching music and importance of various multimedia packages on the students of music. In today's scientific era, teaching through scientific methods and techniques is very necessary, so there is an utter need to adapt our old traditional methods according to the varying circumstances. Consequences of science and technology will surely give felicitous direction. Modern music education is proliferating further along with itself taking a very developed and influential tradition of India. New technology has been playing a major role in developing the field of music education. There has been a tremendous development in institutional music education towards using the modern technology. Multimedia technology is in leading edge today and getting popular in education system. Keeping all this in mind the researcher has selected this topic. Key Words : Music Education, Multimedia, technology, Teaching.

DR. ANSHUMATI

Introduction :

In the recent times, several advances have been made in the realm of science and technology. A revolutionary change has occurred in many professional and industrial areas due to the new and fast evolving technology. Education is also one such area which is growing very fast in adapting new technology and trends. This tremendous technology advancement all around us has significantly influenced the process of teaching and learning. A large number of teaching aids have been adopted in educational institutions. However, in the field of music, one notices that hardly any such aid is used.

Music Education :

In ancient times, music education and training was sincerely imparted through the teacher taught tradition (Guru Shishya prampara). "Since the beginning, we have the evidence of traditional "Seena ba Seena" teaching method or "Ghrana" System. Later with the efforts of Pt. Vishnu Digambar Paluskar and Pt. Vishnu Narayan Bhatkhande, collective class-room teaching in music was introduced. This method got tremendous popularity as music came out of the clutches of Ghranedars Ustads, who were reluctant to teach this art to a common man and became accessible to all. This has been a very significant achievement of teaching and learning method during pre independence era, still continuing in the Post-Independence period"

Due to the advances in science and development of new teaching methods, a new teaching technique has entered the world of education which is now a day's commonly kwon as multimedia technique. This is becoming very popular and is highly effective as a teaching tool.

Relevance of Multimedia :

Multimedia is extensively used for education and training in schools, business, and the home multimedia education allows you to proceed at your own pace. It brings presentation alive with sounds, movies, animations, and interactivity. "While technology in education covers every possible means by which information can be presented through hardware software technology of education is concerned with several aspects such as learner characteristics and behaviour ,structure of the subject matter as learning and application of appropriate principles of any subject."

"Scientific research shows that the process of remembering done in the human brain is faster when people receive many emphasizes in various forms for a short period. The concepts of interactivity in multimedia help the human brain to improve the process of learning. In addition, different approaches of multimedia make lessons very entertaining besides giving information more effectively and faster." Multimedia has becoming extensively useful for education and training in schools, business, and in the homes it also allows to proceed at your own pace. A presentation is always effective with sounds, movies, animations, and interactivity.

"Multimedia educational methods are very effective than conventional methods. They are more expressive

Assistant Professor (Department of Music), Guru Nanak Dev University, Amritsar (Punjab)

because of their vibrant and interactive setting which presents the various concepts with a creative thinking and engagement of students. After observing the additional of many students to playing videos and online games, research studies suggest that curriculum contents embedded in a game like environment enhanced with acoustic and visual effects can be an effective tool for attracting students to learning."There are various steps while creating a multimedia package. As we mention earlier that multimedia is comprises of different media like text, audio, animation and video.

Educational Significance of Multimedia for Teachers :

Teacher is a person directly engaged in instructing a group of students. Teachers are the facilitators & organize teaching process for all round development of students. The need of the present era is that the classrooms should be fully equipped with latest technologies and students should be provided individual instructions that can only be possible through multimedia approach. In order to bring out an enrichment of teaching process, there is direct need for using multimedia approach of teaching.

(1) In light of the gathered data in the study, multimedia approach has been found to be more effective on students' emotional Intelligence & academic achievement than the traditional teaching methods. So, it is recommended that the teachers should use this method in their lessons. Because, after the experimental process of this method, students have risen their achievement levels and attitudes towards the lesson in a greater extent.

(2) Teachers should direct the process of the method effectively because if they cannot direct the method effectively, students can be frustrated and demoralized, they can be bored with the lesson and the method can be unsuccessful from the beginning of the process.

(3) By this method, the learning environment is organised in a "student centred" way. Students do not only memories the concepts and other things; they do study the learning material deeply. In other words, they have a chance to practice their understanding on the learning material with Multimedia method. So the learning environment should be Organised so that students interact face to face with each other and share the responsibility of the learning process.

(4) Teachers should give projects to students so that students have a chance to select from a number of subjects. In addition, teachers should pay attention to the students so that the students organize their project with the principles of using multimedia approach

(5) Through multimedia facility a teacher can directly interacts with the parents or can solve their queries.

(6) Teachers can take advantage of online knowledge to know about the advanced developments & inventions.

(7) Multimedia teaching creates interest among students & motivates them to learn & perform the best.

(8) Through multimedia instruction a teacher can deliver the best to the students & can very well solve their problems.

Multimedia in Music Education :

Multimedia Technology is spreading widely in music educational scenario. In Indian classical music, teaching through modern educational system is just as necessary as in any other subject. With the help of various ancillary materials and teaching methods, the teaching not only becomes easier, simultaneously the contents of the study also become interesting, students in spite of taking their studies as burden, start to learn the contents as a playing method, but the teaching aids and the methods, regarding music and its particular contents, should be helpful in clearing the concepts properly. With the help of various ancillary materials and teaching methods, the teaching not only becomes easier, simultaneously the contents of the study also become interesting, students in spite of taking their studies as burden, start to learn the contents as a playing method. Music education has two parts, theory and practical. Though music is predominantly a practical subject, still the theory aspect cannot be underestimated in schools and colleges. Theory is usually taught by lecture method, which is not a very interesting and effective method of theory teaching. Fortunately, due to the advances in information technology, more effective techniques of teaching various subjects and contents are available to the teachers.

Techniques like programmed learning, Team Teaching and Multimedia Packages are available which are very effective and potent in delivering the goods. Multimedia Self-learning Packages have been developed in many contents areas and have been found to be very effective in helping the students learn the content at their own pace. Such packages are badly needed in teaching of Music so that on the one hand the pressure on the music teachers is reduced and on the other, the students of Music are able to learn various concepts of theory of music at their own pace. In Indian classical music teaching through modern educational system is just as necessary as in any other subject With the help of various ancillary materials and teaching methods the teaching not only becomes easier simultaneously the contents of the study also get interesting, students in spite of taking their studies as burden start to learn the contents as playing method but the teaching aids and the methods regarding music and its particular content should be helpful in fulfilling that lesson properly.

Multimedia Self-learning Packages have been developed in many contents areas and have been found to be very effective in helping the students learn the content at their own pace. Such packages are badly needed in teaching of Music so that on the one hand the pressure on the music teachers is reduced and on the other, the students of Music are able to learn various concepts of theory of music at their own pace.

The success of the practices procedure depends only upon the teaching methods and teaching aids. The relevance of the modern teaching techniques are also accepted in the terms of psychological aspect although the development of

listening is very important in practical music but however in theoretical aspects use of visual senses are as much as required.

Multimedia technology has now become increasingly popular in the field of education. Multimedia courseware is becoming very interesting way to learn and to teach also it is helpful for both students and teachers also.

Technology Based learning makes a good and positive impact on the students performance and attitude towards learning, selfconfidence and self esteem. Technology has a long journey .yet the journey has just begun. We are determined to provide value education for academic enhancements of student for sustainable society. We are constantly doing our efforts to convert one motto into action plan by providing excellent educational infrastructure promoting all round development of the students and simultaneously preserving their moral and culture values. With our invisible spirit, we should spread our wings to march in scaling the new heights for pursuing the progress of our education teaching system with the belief 'we will and we can. We should focus on synchronising modernity as well as blending values and ethics through conventional system also with a strong global competence. We should have right balance of wisdom from experiences and confidence gained with the time to take up new challenges.

<u>References</u> **:**

(1) *Mrs. Srivastava Kinshuk : New Frontiers in teaching and learning Methods in Indian music, Exploration in Indian Music, An Overview, Edited by Dr. Lovely Sharma, Page No. 23.*

(2) *Dennis, P.Curtin (1999) : Information Technology, Page 216.*

(3) *www.cemca.org/emhandbook/section 5/page-32*

(4) *http://en.wikipedia.org/wiki/Multimedia*

(5) *C. Naseema, From Blackboard to the web-Integrating technology and education, Page No. 4.*

(6) *PC World magazine, Ten Reasons to Use Multimedia in Education, October 1993.*

(7) *A Survey of the Application of multimedia in the process of teaching and learning in KUITTHO, Malaysia Page 56.*

(8) *Dennis, P. Curtin ; Kim Foley ; Sen, Kunal & Cathleen Morin : Information Technology, Page 32.*

(9) *www. tech4learning.com*

(10) *Iron Cheng, Luis Vincent Safant, Basu Anup (2010) : Multimedia in Education Adaptive, learning and testing, Chapter 1, Page 3.*

(11) *cemca.org/EM Handbook/Section7.pdf)*

❁❁

UGC -
Approved - Journal

UGC Journal Details

Name of the Journal :	Research Link
ISSN Number :	09731628
e-ISSN Number :	
Source:	UNIV
Subject:	Accounting;Anthropology;Business and International Management;Economics, Econometrics and Finance(all);Education;Environmental Science(all);Finance;Geography, Planning and Development;Law;Political Science a;Social Sciences(all)
Publisher:	Research Link
Country of Publication:	India
Broad Subject Category:	Arts & Humanities;Multidisciplinary;Social Science

Print

<u>शोध-पत्र भेजने संबंधी नियम</u>

(1) शोध-पत्र **<u>1500-1700 शब्दों से अधिक नहीं</u>** होना चाहिए।

(2) **<u>हिन्दी एवं मराठी माध्यम के शोधपत्रों को कृतिदेव 10</u>** (Kruti Dev 010) में टाईप करवाकर 'पेजमेकर 6.5' में भेजें।

(3) **<u>पंजाबी माध्यम के शोधपत्रों को अनमोल लिपि</u>** (AnmolLipi) या **<u>अमृत बोली</u>** (Amritboli) या **<u>जॉय</u>** (Joy) में टाईप करवाकर 'पेजमेकर 6.5' में भेजें।

(4) अंग्रेजी माध्यम के शोधपत्र टाईम्स न्यू रोमन (Times New Roman), एरियल फोंट (Arial) में टाईप करवाकर 'पेजमेकर 6.5' या 'माइक्रोसाफ्ट वर्ड' में भेजे जा सकते हैं।

(4) शोधपत्र की विधि - (1) शीर्षक (2) एबस्ट्रेक्ट (3) की-वर्ड्स (5) प्रस्तावना/प्रवेश (5) उद्देश्य (6) शोध परिकल्पना (7) शोध प्रविधि एवं क्षेत्र (8) सांख्यिकीय तकनीक (9) विवेचन या विश्लेषण (10) सुझाव (11) निष्कर्ष एवं (12) संदर्भ ग्रंथ सूची।

(6) संदर्भ ग्रंथ सूची इस प्रकार दें -

<u>For Books</u> :

(1) Name of Writer, "Name of Book", Publication, Place of Publication, Year of Publication, Page Number/numbers.

<u>For Journals</u> :

(2) Name of Writer, "Title of Article", Name of Journal, Volume ....., Issue ....., Page Numbers.

<u>Web references</u> :

http://utc.iath.virginia.edu/interpret/exhibits/hill/hill.html

(7) **<u>गुजराती माध्यम</u>** के शोधपत्र **<u>हरेकृष्णा (Harekrishna)</u>**, **<u>टेराफोंट वरुण (Terafont Varun)</u>**, **<u>टेराफोंट आकाश (Terafont Aaksah)</u>** में टाईप करवाकर 'पेजमेकर 6.5' में भेजे जा सकते हैं।

(8) शोधपत्र की साफ्टकॉपी रिसर्च लिंक के ई-मेल आईडी researchlink@yahoo.co.in पर भेजने के बाद हॉर्डकॉपी, शोधपत्र के मौलिक होने के घोषणा पत्र के साथ हस्ताक्षर कर 'रिसर्च लिंक' के कार्यालय को प्रेषित करें।

❁❁

UGC Approved Journal
Research Link
Since March 2002
An International, Registered & Refereed Monthly Journal : Music
Research Link - 170, Vol - XVII (3), May - 2018, Page No. 129-130
ISSN - 0973-1628 ■ RNI - MPHIN-2002-7041 ■ Impact Factor - 2015 - 2.782

तबले के बनारस घराने की वंश परम्परा, वादन शैली, रचनाएँ एवं सौन्दर्य पक्ष का विवेचन

प्रस्तुत शोधपत्र में तबले के बनारस घराने की वंश परम्परा, वादन शैली, रचनाएँ एवं सौन्दर्य पक्ष का विवेचन किया गया है। अध्ययन से जो तथ्य सामने आते हैं, वे इस प्रकार हैं - वर्तमान समय में बनारस घराने की लोकप्रियता का कारण यह है कि यह बाज गायन, वादन तथा नृत्य की संगति में खरा उतरता है। यहाँ पखावज का अधिक प्रचार होने के कारण यह बाज खुला और जोरदार हो या और यहाँ के तबला वादन की शुरुआत उठान से होती है, उसके पश्चात् चलन, त्रिताल का ठेका और उसकी 'बोल-बाँट' से पेशकार सदृश आरंभ बहुत ही मनोहारी प्रतीत होता है। बनारस घराने के वादकों की 'ना धिं धिं ना' की प्रस्तुति, 'धिर धिर' की तैयारी, लग्गी-लड़ी, बोल-बाँट के काम में सौन्दर्य निहित है। बनारस बाज में लखनऊ घराने की सारी विशेषताएँ तो आईं ही, साथ ही साथ तबला तथा पखावज दोनों के वर्ण एवं शब्द के साथ-साथ नक्कारा, हुडुक्क दुक्कड़, ताशा आदि की वादन शैली का प्रभाव भी देखने को मिलता है।

नागेन्द्र मिश्र

तबले का बनारस घराना वर्तमान समय में अत्यन्त चर्चित एवं प्रसिद्ध घराना है। चूँकि भारत की सांस्कृतिक राजधानी बनारस शुरू से ही संगीत और संस्कृति का प्रधान केन्द्र रहा है। इसीलिए संगीत की समस्त विधाएँ यहाँ पल्लवित और पुष्पित होती रही हैं।

डॉ0 आबान मिस्त्री जी के अनुसार, बनारस के पं0 राम सहाय मिश्र, जिनका समय सम्भवतः सन् 1830 ई से सन् 1886 तक माना जाता है, ने लखनऊ घराने के प्रवर्तक उ0 मोदू खाँ से 12 वर्षों तक लखनऊ में रहकर शिक्षा प्राप्त की। शिक्षा पूर्ण हो जाने के पश्चात् वे पुनः बनारस लौट आए और अपने परिवार के सदस्यों एवं शिष्यों में तबले का प्रचार किया। पं0 जी बनारस के एक संगीत व्यवसायी कथक परिवार के थे और उन्होंने तबले की प्रारम्भिक शिक्षा अपने पिता व चाचा जी से प्राप्त की थी। राम सहाय जी ने अपने पैतृक नगर लौटने के बाद तबले की वादन शैली में इतना मौलिक परिवर्तन किया एवं नवीन रचनाओं का सृजन किया कि कालान्तर में बनारस एक घराना के नाम से प्रतिष्ठा पा सका। आज उनके वंशज एवं शिष्य परम्परा के लोग देश–विदेश में छाए हुए हैं।[1]

पं0 विजय शंकर मिश्र के अनुसार, ''बालक राम सहाय ने सन् 1807 में 10वर्ष की उम्र से मोदू खाँ से तबला सीखना आरम्भ किया और यह क्रम अनवरत 12 वर्षों तक चला। बीच में किसी आवश्यक कार्यवश जब उ0 मोदू खाँ 6 महीने के लिए लखनऊ से बाहर चल गये थे, तब उनकी पत्नी–जो पंजाब घराने के तबले से जुड़ी थीं– ने उन्हें 500 पंजाबी गतें सिखाई थीं।''[2]

इस प्रकार उ0 मोदू खाँ से लखनऊ घराने की और उनकी पत्नी से उन्हें पंजाब घराने की शिक्षा और तकनीकि मिलने लगी।

विमल बोस जी के अनुसार, ''मोदू खाँ साहब किसी कार्यवश लखनऊ से बाहर जाते तो उनकी बीबी राम सहाय जी की देखरेख भी करती थीं और उन्हें तालीम भी देती थीं। प्रायः पाँच सौ गुप्त और अप्रचलित गतों की शिक्षा उन्होंने राम सहाय जी को दी थी।''[3] इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि पं0 राम सहाय जी को लखनऊ और पंजाब दोनों घरानों की वादन शैली का ज्ञान प्राप्त हुआ। तत्पश्चात मौलिक प्रतिभा, सूझ–बूझ के बल पर उन्होंने एक पृथक वादन शैली का निर्माण किया। बहुत सी बन्दिशों की रचना की और तबला–वादन को एक नवीन मोड़ दिया, जिससे उनका बाज एक पृथक घराने के रूप में स्वीकारा गया।

श्री जमुना प्रसाद पटेल जी ने अपने लेख में पं0 राम सहाय जी की वंश परम्परा का उल्लेख किया है, जो इस प्रकार है– ''अविवाहित पं0 राम सहाय ने अपने छोटे भाई जानकी सहाय और भतीजे भैरो सहाय के अलावा पाँच शिष्य बनाए जो 'पंच प्यारे' के नाम से संगीत–जगत में विख्यात हुए। इनके नाम हैं– (1) पं0 रामशरण मिश्र (मस्तराम), (2) पं0 प्रताप महाराज (परतप्पू जी), (3) पं0 यदुनन्दन, (4) पं0 बैजू एवं (5) पं0 भगत।''[4]

जानकी सहाय की परम्परा में उनके शिष्य गोकुल जी, रघुनन्दन, विश्वनाथ, श्याम मिश्र, गोकुल मिश्र इत्यादि हुए। राम सहाय जी ने अपने भाई गौरी सहाय के पुत्र भैरो सहाय को पुत्रवत माना और उन्हें दीर्घ शिक्षा देकर अपने घराने का उत्तराधिकारी बनाया।

भैरव सहाय जी के पुत्र बलदेव सहाय, पौत्र भगवती सहाय, लक्ष्मी सहाय और दुर्गा सहाय (सूरदास) प्रपौत्र शारदा सहाय, मंगला सहाय एवं रामशंकर सहाय सभी अपने क्षेत्र के उच्चस्तरीय कलाकार

शोधछात्र (संगीत एवं प्रदर्शन कला विभाग), इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद (उत्तरप्रदेश)

रहे हैं। आज इस परम्परा की तरूण पीढ़ी में संजय सहाय, विष्णु सहाय तथा दीपक सहाय के नाम लिये जाते हैं।

शिष्यों में भगवान दास, बाचा मिश्र, युसुफ खाँ, महादेव चौधरी, बिक्कू जी, कंण्ठे महाराज, गणेश प्रसाद, श्याम लाल आदि है। इसी परम्परा में पं0 किशन महाराज, पं0 सामता प्रसाद, लालजी श्रीवास्तव, नन्कू महाराज आदि सैकड़ों नाम लिए जाते हैं। इस परम्परा की युवा पीढ़ी में पूरन महाराज, कुमार बोस, संदीप दास स्व0 प्रभुदत्त बाजपेई, अनुपमराय, कुमार लाल मिश्र आदि सिद्धहस्त कलाकार तालीम पाकर पूरी दुनिया पर छाए हुए हैं।''[5]

बनारस बाज की विशेषताएँ :

(1) बनारस घराने की सबसे उल्लेखनीय चीज यह है कि यहाँ के तबला–वादन की शुरूआत 'पेशकारे या चाले' से न करके उठान से करते हैं। उसके पश्चात् तीन ताल का ठेका और उसकी बोल–बाँट से पेशकार सदृश वादन प्रस्तुत होता है।

(2) बनारसी बाज में अनामिका को थोड़ी सी टेढ़ी करके तथा तबले पर प्रहार करके ध्वनि निकाली जाती है। इस प्रकार इस बाज में लव का सर्वाधिक प्रयोग होता है।

(3) इस घराने में कायदे से अधिक उठान, गत, परन, मोहरे, मुखड़े, रेला, लग्गी, लड़ी, बाँट, श्लोक आदि बोलों पर जोर दिया जाता है।

(4) इस घराने का सम्बन्ध नृत्य से भी रहा है।

अतः उसमें तोड़े, टुकड़े, चक्रदार आदि विशेष रूप से बजाये जाते हैं साथ ही साथ यहाँ कजरी, चैती आदि गायन शैलियों का खूब प्रचलन है। अतः उसके साथ तबले पर लग्गी–लड़ी का लाभ विशेष तौर पर होता है।

(5) इस घराने में फरद नाम की एक विशेष प्रकार की गत तथा जनानी एवं मर्दानी गते विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं।

बनारस बाज में लखनऊ घराने की सारी विशेषताएँ तो आई ही साथ ही साथ तबला तथा पखावज दोनों के वर्ण एवं शब्द के साथ–साथ नक्कारा, हुडुक्क दुक्कड़, ताशा आदि की वादन शैली का प्रभाव भी देखने को मिलता है।

उदाहरण स्वरूप बनारस घराने की कुछ रचनाएँ प्रस्तुत हैं:

उठान–तीनताल में

''धित्तधित्त ता कताकता कत।

x

धागेतेटे तागेतेटे क्रधिन्न क्रधातेटे।

2

क्रधातेटे धागेतेटे धा क्रधातेटे।

0

धागेतिटे धा धागेतिटे धागेतेटे। धा''

3

(2) बाँट – या कायदा (तीन ताल में) :

धीक धीना तिरकिट धीना। धागे नधी ऽक्धी नाड़ा।

2

तीक तीना तिरकिट तीना। धागे नधी ऽक्धी नाड़ा।''[6]

0 3

(3) धागेतेटे तागेतेटे कुधाऽक्र धाऽकत। दिंदिं नानानाना

x 2

कतेटेधा ऽकऽत। धाऽकत धाऽकते टेधाऽक ऽत्तधाऽ।

0

कतधाऽ कतिटधा ऽकऽत्त धाऽकत। धा [7]

3

बनारस घराने की वादन–शैली का सौन्दर्य पूर्ण विश्लेषण करने पर जो तथ्य सामने आते हैं, वे इस प्रकार हैं– वर्तमान समय में बनारस घराने की लोकप्रियता का कारण यह है कि यह बाज गायन, वादन तथा नृत्य की संगति में खरा उतरता है। यहाँ पखावज का अधिक प्रचार होने के कारण यह बाज खुला और जोरदार हो गया और यहाँ के तबला–वादन की शुरूआत उठान से होती है, उसके पश्चात् चलन, त्रिताल का ठेका और उसकी 'बोल–बाँट' से पेशकार सदृश आरम्भ बहुत ही मनोहारी प्रतीत होता है।

बनारस घराने के वादकों की 'ना धिं धिं ना' की प्रस्तुति, 'धिर धिर' की तैयारी, लग्गी–लड़ी, बोल–बाँट के काम में सौन्दर्य निहित है।

संदर्भ :

(1) मिस्त्री, डॉ0 आबान–ई : पखावज और तबले के घराने एवं परम्पराएँ, पं0 केकी जिजिना स्वर साधना समिति मुम्बई–400002, पृ. 162.

***(2)** मिश्र, पं0 विजय शंकर : तबला–पुराण, कनिष्क पब्लिशर्स डिस्ट्रिब्यूटर्स, नई दिल्ली–101002, पृ. 39–40.*

***(3)** बोस, विमल : बनारस घराने का तबला और पं0 राम सहाय, छाया नट, अंक–13, अप्रैल–जून 1980, पृ. 43.*

***(4)** पटेल, जमुना प्रसाद : बनारस घराना, संगीत पत्रिका, जुलाई–2002, पृ. 52.*

***(5)** मिस्त्री, डॉ0 आबान–ई : पखावज और तबले के घराने एवं परम्पराएँ, पं0 केकी जिजिना स्वर साधना समिति मुम्बई–400002, पृ. 162.*

***(6)** गुरुवर विपिन किशोर श्रीवास्तव जी से प्राप्त।*

***(7)** डॉ0 रेनू जौहरी जी से प्राप्त।*

❁❁

UGC -

APPROVED - JOURNAL



UGC Approved Journal
Research Link
Since March 2002
An International, Registered & Refereed Monthly Journal : Music
Research Link - 170, Vol - XVII (3), May - 2018, Page No. 131-132
ISSN - 0973-1628 ■ RNI - MPHIN-2002-7041 ■ Impact Factor - 2015 - 2.782

पंजाब के प्राचीन घराने एवं उनकी शिष्य परम्परा (तबला वादन के विशेष संदर्भ में)

प्रस्तुत शोधपत्र में पंजाब के प्राचीन घराने की एवं उनकी शिष्य परम्परा का अध्ययन, तबला वादन के विशेष संदर्भ में किया गया है। लाहौर घराना पंजाब के तबला वादकों का मूल आधार माना जाता है। उ.फकीर बख्श पखावजी वहाँ के पहले कलाकार थे, जिन्होंने तबला वादन के महत्व को समझा और देश में उसके प्रति बढ़ती हुई लोकप्रियता का मूल्यांकन किया। अतः उन्होंने भवानीदासजी द्वारा विकसित दुक्कड़ पर बजाने वाले नवीन बाज को तबले पर बजाना प्रारंभ किया, तत्पश्चात् मियाँ फकीर बख्श के गुरू भाइयों, पुत्र मियाँ कादिर बख्श ने तथा उनके कुछ शिष्य-प्रशिष्यों ने भी उनके इस प्रयास में यथा सहयोग दिया और इस प्रकार पंजाब घरानों में तबले का प्रचार प्रारंभ हो गया। इस प्रकार पंजाब घराने के ऐतिहासिक विवरण में तबले की प्रसिद्धि को बढ़ाने व उसमें नए प्रयोग का आकलन करने में उनकी वंश परम्परा ने पंजाब घराने को विशेष स्थान प्राप्त करवाया। तबले को पंजाब के प्रचार, विकास और उसके साहित्य को समृद्ध करने का प्रमुख श्रेय उ.कादिर बख्श (प्रथम) को जाता है।

डॉ.प्रियंका अरोड़ा

पंजाब में ध्रुपद युग में पखावज वादकों के प्रसिद्ध घराने प्रचलित थे। पंजाब में ख्याल गायकी लोकप्रियता में अपनी चरम सीमा पर थी, लेकिन ध्रुपद गायकी भी दीर्घ सीमा तक अपनी पहचान बनाने में कामयाब रही, इसलिए यहाँ तबला वादन के घराने पखावज वादकों से ही उत्पन्न हुए और पंजाब घराने ने तबला वादन के प्रचार एवं प्रसार में अपना महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया। पंजाब घराने के तबला वादन में रबाबी घराना, नाईयों का घराना, कसूर घराना और लाहौर घराना इत्यादि प्राचीन घराने प्रमुख हैं।

रबाबी घराना :

रबाबी घराने का विकास गुरु नानक देव जी के काल से माना जाता है। इस घराने के प्रसिद्व तबला वादक भाई अली बख्श मर्दाना के वंशज कहे जाते हैं, जो कि गुरु नानक देव जी के प्रमुख कीर्तन साथी थे। भाई अली बख्श तलवंडी के निवासी थे अंतः इसलिए उन्हें तलवंडी घराना के कलाकार कहकर सम्बोधित किया जाता है। यह रबाबी मीरासियों का वही घराना है, जो पहले ध्रुपद गायकी के लिए प्रसिद्ध था। कलान्तर में यह घराना अमृतसर के गुरुद्वारों में कीर्तन के साथ संगति करने के कारण 'रबाबी घराने' के नाम से प्रचलित हुआ। ''भाई अली बख्श, भाई बागए अमीर बख्श, भाई चिराग़, भाई हमीर, भाई नसीरा, भाई गाहों, भाई रखा, उस्ताद भाई रतन सिंह, उ० भजन लाल रबाबी घराने के प्रमुख कलाकार हुए।

(1) नाईयों का घराना :

'नाईयों का घराना' की स्थापना पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह के शासन काल में हुई। इस घराने की नींव 19वीं शताबदी के प्रारम्भ में भाई मज्जा सिंह, जो कि नाई जाति से सम्बंधित थे, के द्वारा हुई। जिस कारण इसे नाइयों का घराना कहकर सम्बोधित किया जाने लगा। इस घराने से सम्बन्धित एक विशेष घटना का उल्लेख मिलता है, जिस कारण इस घराने का जन्म हुआ। कहा जाता है कि महाराजा रणजीत सिंह के दरबार में मोरां नामक सुप्रसिद्व नर्तकी थी, जिसकी तबले के प्रति विशेष रुचि थी। मोरां द्वारा महाराजा रणजीत सिंह को की गई प्रार्थना को स्वीकृति दी गई कि उसे अपने नृत्य की संगति के लिए कुशल तबला वादक की आवश्यकता है। लेकिन उस समय मीरासी जाति ही तबला वादन किया करती थी। परन्तु महाराजा रणजीत सिंह को एक सिक्ख धर्मानुयायी बालक की तालाश थी, जो मोरां की नृत्य की संगति के इलावा सिक्ख कीर्तन परम्परा को भी अग्रसर कर सके।

अन्ततोगत्वा उन्होंने एक नाई जाति के बालक मज्जा सिंह को विभिन्न सुप्रसिद्ध पखावज वादकों को लाहौर में आमंत्रित कर प्रशिक्षित करवाया। इस प्रकार भाई मज्जा सिंह के कठोर परिश्रम द्वारा नाईयों के घराने की परम्परा की शुरुआत हुई। भाई मज्जा सिंह की मेहनत और लगन को दृष्टिगत करते हुए इनको अमृतसर के स्वर्ण मंदिर 'दरबार–साहिब' में कीर्तन के साथ संगत करने के लिए तबला वादक के रुप में नियुक्त किया गया। नाईयों के घराने की परम्परा को अग्रसर करने में भाई मज्जा सिंह के चार पुत्रों भूप सिंह, गुरदित सिंह, श्याम सिंह और देव सिंह का विशेष योगदान रहा है। भाई मज्जा ने उच्चकोटी के कलाकारों द्वारा शिक्षा प्रदान करवाई, जिसमें भाई भूप सिंह की तबला वादन शिक्षा सुप्रसिद्ध पखावजी कुदऊ सिंह का नाम विशेष रुप से उल्लेखनीय है। इसी परम्परा को भूप सिंह के शिष्य हरनाम सिंह, गुरदत्ति सिंह के शिष्य संतु द्वारा आगे

सहायक प्राध्यापक (संगीत विभाग), गुरू नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर (पंजाब)

बढ़ाया गया। प्रमुख रुप से इस घराने का सम्बिन्धत गुरुद्वारा में कीर्तनकारों के साथ रहा है। भाई हरनाम सिंह (पहला), भाई हरनाम सिंह (दूसरा), भाई गोपाल सिंह, भाई रणजीत सिंह, भाई अर्जन सिंह, भाई मेहताब सिंह तरंगड़, भाई संतू और भाई रिखी सिंह इस घरानों के प्रमुख कलाकार हुए हैं।

(2) कसूर के घराना :

कसूर घराना वास्तव में कसूर नामक शहर के नाम से प्रसिद्व हुआ, जो कि आज कल पाकिस्तान में है। फतेह डुल्लू का सम्बंध ा कसूर शहर से होने के कारण इस घराने का नाम कसूर घराना पड़ा।

फतेह डुल्लू कसूर ने तबला वादन की उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु दिल्ली प्रवास किया और अपनी कठिन मेहनत द्वारा उच्च कोटि के तबला वादकों से शिक्षा प्राप्त की। कुशल व प्रसिद्ध तबला वादकों से शिक्षा प्राप्ति के पश्चात् फतेह डुल्लू कसूर पंजाब लौट आए। पंजाब लौटने के पश्चात् इन्होंने तबला वादन की शिक्षा अनेक शिष्यों को प्रदान की, परन्तु करम इलाही (कसूर वालों) मीरा बख्श गिलावालियें पंजाब और फकीर बख्श इनके परम व सुप्रसिद्ध शिष्य है। फतेह डुल्लू कसूर के परम शिष्यों में से करम इलाही ने ही कादिर बख्श सपुत्र (फकीर बख्श) को शिक्षा प्रदान की और यहीं कादिर बख्श बाध में पंजाब घराने के सुप्रसिद्व कलाकार और प्रवर्तक के रुप में प्रसिद्ध हुए। फतेह डुल्लू कसूर के एक और शिष्य नसीब बख्श हुए जिनका नाम सुप्रसिद्व तबला वादकों में आता है। फतेह डुल्लू के दूसरे शिष्य मीर बख्श गिलवालिए के शिष्यों में बहादुर सिंह और करीम बख्श का नाम विशेष रुप से उल्लेखनीय है, जिन्होनें कसूर घराने की परम्परा को अग्रसर किया।

(3) लाहौर घराना :

लाहौर घराना पंजाब के तबला वादकों का मूल आधार माना जाता है। फकीर बख्श पंजाब घराना के मूल प्रवर्तक माने जाते हैं। वास्तव में फकीर बख्श लाहौर से सम्बिन्धत थे, जिस कारण इसे लाहौर घराना कहकर भी सम्बोधित किया जाता है। महान् पखावजी लाला भगवानदास से फकीर बखश ने पखावज की शिक्षा ग्रहण की और पखावज के खुले बोलों को बंद बोलों में परिवर्तित कर, एक अनूठी (पृथक) शैली का निर्माण किया।

"Ustad fakir Baksh is considered to be the originator of the Punjab style of Playing the Tabla. Instead of using the 'Khule Bols' of the pakhawaj or Tabla' he used them as 'Band Bols and developed this new style, which has all the characteristics of the pakhawaj".

फकीर बख्श के पुत्र मियां कादिर बख्श ने तबला वादन की परम्परा को एक विशिष्ट पहचान दी। आगे चलकर इनके शिष्यों–अल्लारखा खॉ, शौकत हुसैन, लक्ष्मण सिंह सीन, तुफैल और लाल मुहम्मद खाँ आदि ने पंजाब घराना को ऊँचे शिखर तक पहुचाने में विशेष योगदान दिया।

''उ० फकीर बख्श पखावजी वहाँ के पहले कलाकार थे, जिन्होंने तबला वादन के महत्व को समझा और देश में उसके प्रति बढ़ती हुई लोकप्रियता का मूल्यांकन किया। अंतः उन्होंने भवानीदास जी द्वारा विकसित दुक्कड़ पर बजाने वाले नवीन बाज को तबले पर बजाना प्रारम्भ किया, तत्पश्चात् मियाँ फकीर बख्श के गुरु भाइयों, पुत्र मियाँ कादिर बख्श ने तथा उनके कुछ शिष्य–प्रशिष्यों ने भी उनके इस प्रयास में यथा सहयोग दिया और इस प्रकार पंजाब घरानों में तबले का प्रचार प्रारम्भ हो गया।''

इस प्रकार पंजाब घराने के ऐतिहासिक विवरण में तबले की प्रसिद्धि को बढ़ाने व उसमें नए प्रयोग का आंकलन करने में उनकी वंश परम्परा ने पंजाब घराने को विशेष स्थान प्राप्त करवाया। तबले को पंजाब के प्रचार, विकास और उसके साहित्य को समृद्ध करने का प्रमुख श्रेय उ० कादिर बख्श (प्रथम) को जाता है।

सन्दर्भ :

(1) मिस्त्री, आबान (1984) : पखावज और तबला के घराने एवं परम्पराएँ, स्वर साधना, समिति जनसनेक्स जम्बुलवाड़ी, मुम्बई, द्वितीय संस्करण।

***(2)** राम, सुदर्शन (2008) : तबले के घराने वादन शैलियाँ, कनिष्क पब्लिशर्स, दिल्ली, प्रथम संस्करण।*

***(3)** मिस्त्री, ई. डॉ० आबान (2007) : तबले की बन्दिशें, संगीत सदन प्रकाशन, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण।*

***(4)** श्रीवास्तव, गिरीशचन्द्र (1993) : ताल कोष, रूबी प्रकाशन, इलाहाबाद।*

***(5)** बावरा, डॉ० जोगिंद्र सिंह : भारतीय संगीत की उत्पति एवं विकास, पृ. 187.*

***(6)** लक्ष्मणसिंह सीन से किए गए साक्षात्कार से उद्धृत, 28–6–12.*

❁❁

UGC -

APPROVED - JOURNAL

UGC Journal Details

Name of the Journal :	Research Link
ISSN Number :	09731628
e-ISSN Number :	
Source:	UNIV
Subject:	Accounting;Anthropology;Business and International Management;Economics, Econometrics and Finance(all);Education;Environmental Science(all);Finance;Geography, Planning and Development;Law;Political Science a;Social Sciences(all)
Publisher:	Research Link
Country of Publication:	India
Broad Subject Category:	Arts & Humanities;Multidisciplinary;Social Science